# KHAN GLOBAL STUDIES

KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna-6

Mob : 8877918018, 8757354880


## Polity + Geography Test

**1.** निम्नलिखित अवतरण में-

''हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान में आज ..............X............. को एकदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।''

(A) 26 जनवरी, 1950 (B) 26 नवंबर, 1949
(C) 26 जनवरी, 1949 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** भारत के संविधान की प्रस्तावना में कितने प्रकार के न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व का उसी क्रम में उल्लेख किया गया है?

(A) 3, 5, 2, 1 (B) 1, 3, 5, 2
(C) 2, 5, 3, 1 (D) 5, 2, 1, 3

**3.** भारत में लौकिक सार्वभौमिकता है, क्योंकि संविधान की प्रस्तावना आरंभ होती है–

(a) प्रजातांत्रिक भारत (b) जनता के जनतंत्र
(c) जनता के लोकतंत्र (d) हम भारत के लोग

**4.** निम्न में से कौन सा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सही क्रमबद्ध वर्णन है?

(a) संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेच, लोकतांत्रिक, गणराज्य
(b) संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक, गणराज्य
(c) पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, संप्रभु, गणराज्य, लोकतांत्रिक
(d) लोकतांत्रिक, गणराज्य, संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष

**5.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित नहीं है?

(a) सामाजिक न्याय (b) आर्थिक न्याय
(c) राजनीतिक न्याय (d) धार्मिक न्याय

**6.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में, इसके सभी नागरिकों को कौन सा न्याय प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है?

(a) सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक
(b) सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक
(c) सामाजिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक
(d) सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक

**7.** निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन-सा एक भारत के संविधान की उद्देशिका में सन्निविष्ट नहीं है?

(a) विचार की स्वतंत्रता (b) आर्थिक स्वतंत्रता
(c) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (d) विश्वास की स्वतंत्रता

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भारतीय संविधान की प्रस्तावना में नहीं है?

(a) उपासना की स्वतंत्रता (b) व्यक्ति की गरिमा
(c) अवसर की समानता (d) लोकतांत्रिक सरकार

**9.** भारत के संविधान के आमुख का लक्ष्य उसके सभी नागरिकों के लिये सुनिश्चित करना है-

1. सामाजिक तथा आर्थिक न्याय
2. विचार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
3. अवसर की समानता 4. व्यक्ति की प्रतिष्ठा

नीचे दी गई कूट-स्कीम में से सही उत्तर का चयन कीजिये-

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) सभी चारों

**10.** निम्नलिखित में से कौन भारत में सम्प्रभु है?

(a) भारत का प्रधानमंत्री (b) भारत का राष्ट्रपति
(c) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् जिसके शीर्ष पर प्रधानमंत्री है
(d) हम भारत के लोग

**11.** भारत के संविधान की उद्देशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से सही हैं?

1. उद्देश्य संकल्प जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित किया गया था और संविधान सभा द्वारा पारित किया गया था जो अंततः उद्देशिका बना।
2. उद्देशिका का विचार संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया था
3. समाजवादी एवं पंथनिरपेक्ष शब्द 42 वें संशोधन द्वारा 1976 में अपनाये गये थे।
4. उद्देशिका भारत के नागरिकों के मूल अधिकारों को समाहित करती है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

**12.** भारत के संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त स्वतंत्रता, समानता एवं बन्धुत्व शब्द किस क्रांति से प्रेरित है?

(a) रूस की क्रांति (b) चीन की क्रांति
(c) फ्रांस की क्रांति (d) अमरीकी स्वतंत्रता संग्राम

**13.** संविधान की प्रस्तावना के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(a) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष शब्द 1950 ई. में लागू संविधान के अंग थे।
(b) उक्त शब्द 1977 ई. में संशोधन द्वारा जोड़े गए।
(c) उक्त शब्द 1985 ई. में संशोधन द्वारा। जोड़े गए।
(d) उक्त शब्द संविधान की प्रस्तावना के अंग नहीं हैं।

**14.** 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकृत भारतीय संविधान की प्रस्तावना में शब्द सम्मिलित नहीं थे?

1. समाजवादी
2. अखण्डता
3. पंथनिरपेक्ष
4. गणराज्य

अधोलिखित कूटों में से सही उत्तर चुनिये :

कूट

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4 (d) 3 और 4

**15.** भारत के संविधान की उद्देशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. उद्देशिका स्वयं न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है।
2. उद्देशिका उन उद्देश्यों को बताती है, जिन्हें संविधान स्थापित करना और आगे बढ़ाना चाहता है।
3. उद्देशिका उस स्त्रोत को इंगित करती है, जहाँ से संविधान अपना प्राधिकार प्राप्त करता है।

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2

**16.** निम्नलिखित में से किसने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को ''हमारे संप्रभु, प्रजातांत्रिक गणतन्त्र की जन्मकुंडली'' कहा?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) वल्लभभाई पटेल

(c) बी. आर. अम्बेडकर (d) के. एम. मुंशी

**17.** भारत का संविधान भारत को घोषित करता है-

(a) एक स्वैच्छिक संघ (b) एक परिसंघ

(c) राज्यों का एक समूह (d) एक संघ

**18.** कथन (A): भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 में भारत को संघीय राष्ट के स्थान पर राज्यों का संघ कहा गया है।

कारण (R) : भारतीय संघ इकाइयों से हुए समझौतों का परिणाम नहीं है; और इसमें घटक इकाइयों को संघ से अलग होने की स्वतंत्रता नहीं है।

कूट

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है/

(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है

(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है/

**19.** भारत के संविधान में प्रदत्त हमारे देश का नाम क्या है?

(a) हिन्दुस्तान अर्थात् भारतवर्ष (b) इंडिया अर्थात् हिन्दुस्तान

(c) इंडिया अर्थात् भारत (d) भारत देश अर्थात् इंडिया

**20.** संसद की नये राज्यों को बनाने की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?

(a) संसद विधि द्वारा नये राज्य बना सकती है तथा मौजूदा राज्यों की सीमाओं या नामों में फेर-बदल कर सकती है।

(b) इस प्रकार का कोई विधेयक राष्ट्रपति की सिफारिश के सिवाय संसद में पेश नहीं किया जा सकता।

(c) इस प्रकार के किसी विधेयक को राष्ट्रपति प्रभावित राज्य के विधानमंडल को निर्दिष्ट कर सकता है।

(d) इस प्रकार की विधि अनुच्छेद 368 के कार्यक्षेत्र में आएगी।

**21.** संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्यों की सीमाओं को बदलने के लिए सहमति की आवश्यकता है।

(a) राज्य के विधानसभा सदन की

(b) राज्य के मुख्यमंत्री की (c) राज्य की

(d) राज्य की नहीं

**22.** भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को पारित होना अनिवार्य है :

(a) संसद में साधारण बहुमत तथा कम से कम दो-तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।

(b) संसद में साधारण बहुमत द्वारा

(c) संसद में दो-तिहाई बहुमत तथा कम से कम दो-तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** नए राज्यों की स्थापना करने की विधायी शक्ति निम्नलिखित में से किसे प्राप्त है?

(a) लोक सभा को (b) संसद को

(c) राजनीतिक दलों को (d) केन्द्र सरकार का

**24.** भारत में एक राज्य की सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है अनुच्छेद :

(a) अनुच्छेद 368 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार

(b) अनुच्छेद 130 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार

(c) अनुच्छेद 70 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार

(d) अनुच्छेद 3 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार

**25.** निम्नलिखित में कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) संसद की शक्ति : नए राज्य का सृजन करना

(b) राज्य विधानमण्डल की शक्ति राज्य का नाम बदलना

(c) विधि के समक्ष समता : भारतीय और गैर-भारतीय नागरिक दोनों

(d) अवसर की समता : भारतीय नागरिकों को

**26.** एक विद्यमान राज्य की सीमा को परिवर्तित कर एक नवीन राज्य को बनाने की दृष्टि से तीन उपकरणों की आवश्यकता होती है। वे हैं-

(a) सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति तथा संसद

(b) संसद, सर्वोच्च न्यायालय तथा सम्बन्धित राज्य का विधानमंडल

(c) सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति तथा सम्बन्धित राज्य का विधनमंडल

(d) राष्ट्रपति, संसद तथा सम्बन्धित राज्य का विधानमण्डल

**27.** राज्य पुनर्गठन आयोग, 1953 के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनें :

कथन-I : जस्टिस फजल अली, के. एम. पणिक्कर और हृदयनाथ कुंजरु इसके सदस्य थे

कथन-II : आयोग ने बम्बई और पंजाब के विभाजन का समर्थन किया

कथन-III : संसद के पास पुनर्गठन कानून, 1956 के तहत 14 राज्य तथा 6 केन्द्र शासित क्षेत्र बनाए गए

उपरोक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सही है हैं ?

(a) I, II और III (b) केवल I

(c) I और II (d) I और III

**28.** भाषाई राज्यों की अवधारणा का पृष्ठांकन किया था-

(a) नेहरू रिपोर्ट न (b) धर कमीशन रिपोर्ट ने

(c) कैबिनेट मिशन योजना ने (d) साइमन कमीशन ने

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा, धर आयोग (1948) का अधिदेश था?

(a) राज्यों के वर्गीकरण का अध्ययन करना

(b) यह संस्तुति देना कि क्या राज्यों का पुनर्गठन भाषाई आधार पर किया जा सकता है

(c) केन्द्र-राज्य संबंधों का अध्ययन करना

(d) यह परीक्षण करना कि क्या मद्रास नगर को आंध्र में अंतरित किया जा सकता है

**30.** आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित तथा हस्ताक्षरित किया गया

(a) मार्च, 2014 में (b) फरवरी, 2014 में

(c) जनवरी, 2014 में (d) अप्रैल, 2014 में

**31.** निम्नलिखित युग्मों (राज्य निर्माण की तिथि) में कौन सा सुमेलित है?

(a) हरियाणा-1 नवम्बर, 1966 (b) मिजोरम-25 जून, 1986

(c) तेलंगाना-15 अगस्त, 2014 (d) छत्तीसगढ़-20 नवम्बर, 2000

**32.** भारत में कितने राज्य एवं संघीय प्रदेश हैं?

(a) 25 राज्य एवं 7 संघीय प्रदेश

(b) 28 राज्य एवं 7 संघीय प्रदेश (जिसमें एक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र भी सम्मिलित है)

(c) 24 राज्य एवं 6 संघीय प्रदेश (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए और दिए गए कूट की सहायता से बताइये कि इनमें से कौन सही है?

1. संविधान में यूनियन ऑफ स्टेट्स शब्द प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि भारतीय राज्यों को अलग होने का अधिकार नहीं है।
2. एस.के. धर आयोग ने राज्यों के पुनर्गठन हेतु भाषा के आधार की अपेक्षा प्रशासनिक सुविधा को वरीयता दी थी।
3. पंडित नेहरू, सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी, राज्यों के पुनर्गठन में भाषाई आधार के पक्ष में नहीं थी।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) सभी तीनों

**34.** भारतीय संविधान के निम्न में से कौन से अनुच्छेद भारत में नागरिकता के विषय में हैं?

(a) अनुच्छेद 333-337 (b) अनुच्छेद 17-20

(c) अनुच्छेद 5-11 (d) अनुच्छेद 1-4

**35.** भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में केवल एक ही नागरिकता और एक ही अधिवास है।
2. जो व्यक्ति जन्म से नागरिक हो, केवल वही राष्ट्राध्यक्ष बन सकता है।
3. जिस विदेशी को एक बार नागरिकता दे दी गई है, किसी भी परिस्थिति में उसे इससे वंचित नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (d) 2 और 3

**36.** नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किनके द्वारा कोई व्यक्ति भारत का नागरिक बन सकता है?

1. जन्म द्वारा 2. उद्भव द्वारा
3. पंजीकरण द्वारा 4. राष्ट्रीयकरण द्वारा
5. राज्यक्षेत्र के मिल जाने से

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

कूट

(a) 1, 2, 3, 4 और 5 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1, 2, 3 और 5 (d) केवल 3, 4 और 5

**37.** एक व्यक्ति अपनी नागरिकता खो देगा यदि-

(a) वह नागरिकता का स्वेच्छा से परित्याग कर दे

(b) सरकार उसकी नागरिकता वापस ले ले

(c) वह स्वेच्छा से अन्य देश की नागरिकता ले ले

(d) उपर्युक्त सभी

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत के संविधान में सम्मिलित मूल अधिकारों में शामिल नहीं है?

(a) समता का अधिकार (b) स्वातंत्र अधिकार

(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार (d) सूचना का अधिकार

**39.** निम्नलिखित मूल अधिकारों में से कौन-सा एक, भारत के नागरिकों के पास नहीं है ?

(a) भारत के किसी भाग में निवास करने और बस जाने का अधिकार

(b) संपत्ति अर्जन, धारण और व्ययन का अधिकार

(c) कोई वृत्ति करने का अधिकार

(d) सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार

**40.** वर्तमान समय में भारतीय संविधान के अन्तर्गत सम्पत्ति का अधिकार है एक -

(a) मौलिक अधिकार (b) वैधानिक अधिकार

(c) नैतिक अधिकार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** निम्न में से कौन-सा संवैधानिक अधिकार है परन्तु मूलाधिकार नहीं है?

(a) प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

(b) भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण का अधिकार

(c) शांतिपूर्वक सम्मेलन का अधिकार

(d) संपत्ति रखने का अधिकार

**42.** भारत के संविधान के तहत निम्नलिखित में से कौन-सा एक मौलिक (मूल) अधिकार नहीं है?

(a) समता का अधिकार (b) स्वतंत्रता का अधिकार

(c) नागरिकता का अधिकार (d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**43.** भारतीय संविधान निम्न में से कौन सा अधिकार प्रदान नहीं करता है?

(a) समान आवास का अधिकार (b) समानता का अधिकार

(c) पालन करने का अधिकार (d) स्वतंत्रता का अधिकार

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत के संविधान में दिये गये मूल अधिकारों से सम्बन्ध नहीं रखता/रखते?

1. वर्षों के आयु वाले सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा।
2. मानव के दुर्व्यापार और बलात्श्रम का प्रतिषेध।
3. लोक स्वास्थ्य की अभिवृद्धि और मादक पेयों का प्रतिषेध।
4. दुर्बल वर्गों के लोगों, विशेषकर अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक एवं आर्थिक हितों का संवर्धन।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) केवल 3 (d) 3 और 4

**45.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत निम्नलिखित में से किसे राज्य माना जाता है?

1. भारत की सरकार और संसद
2. प्रत्येक राज्य की सरकार और विधायिका
3. सभी स्थानीय अधिकारी
4. केंद्र सरकार के नियंत्रण में वैधानिक या गैर-वैधानिक प्राधिकरण

कूट

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) उपरोक्त सभी

**46.** निम्नलिखित में से कौन यह निर्धारित करता है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत कोई निकाय राज्य की एक एजेंसी या साधन है या नहीं?

1. राज्य का वित्तीय संसाधन।
2. गहन एवं व्यापक राज्य नियंत्रण का अस्तित्व
3. स्थापना का वर्ष
4. सरकार का एक विभाग एक निगम को हस्तांतरित

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) उपरोक्त सभी

**47.** निम्नलिखित में से कौन सा भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के अर्थ में राज्य नहीं है?

(a) राज्य विद्युत बोड
(b) सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत सोसायटी
(c) बीसीसीआई (d) औद्योगिक वित्त निगम

**48.** दावा (A): राज्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में समान अवसर पैदा करने के उद्देश्य से असमान लोगों के साथ अलग व्यवहार कर सकता है।

कारण (R): समान लोगों के बीच कानून समान होना चाहिए और समान रूप से प्रशासित होना चाहिए।

उपरोक्त के संदर्भ में, कथन सही उत्तर का चयन करते हैं।

(a) (A) सच है, लेकिन (R) गलत है।
(b) (A) गलत है, लेकिन (R) सच है।
(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**49.** निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 के दायरे में आता है?

1. यह स्पष्ट रूप से न्यायिक समीक्षा का प्रावधान करता है।
2. मौलिक अधिकारों से असंगत कानून
3. वे सभी कानून जो किसी भी मौलिक अधिकार के साथ असंगत हैं या उनका अपमान करते हैं, शून्य होंगे।

(a) 1 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपरोक्त सभी

**50.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 में कानून शब्द के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा/से शामिल है/हैं?

1. अध्यादेश
2. प्रत्यायोजित कानून की प्रकृति में वैधानिक उपकरण
3. कानून के गैर-विधायी स्रोत

(a) 1 और 3 (b) केवल 1
(c) 1 और 2 (d) उपरोक्त सभी

**51.** 24वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1971 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इसका उद्देश्य गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द करना था।
2. इस अधिनियम द्वारा अनुच्छेद 13 में खण्ड (4) जोड़ा गया।
3. इसने मौलिक अधिकारों को संविधान में संशोधन के दायरे में ला दिया।

उपरोक्त में से कौन से कथन सही हैं?

(a) 1 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपरोक्त सभी

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक ग्लोब पर वृहत वृत्त नहीं है?

(a) विषुवत रेखा (b) मुख्य देशान्तर रेखा
(c) 60° पू. देशान्तर (d) 60° उ. अक्षांश पर

**53.** एक विमान 30° उत्तरी अक्षांश, 50° पूर्वी देशान्तर से उड़ान भरता है और पृथ्वी पर विपरीत सिरे पर नीचे उतरता है। वह कहां उतरेगा?

(a) 30° उत्तरी अक्षांश, 50° पश्चिमी देशान्तर
(b) 30° दक्षिणी अक्षांश, 50° पश्चिमी देशान्तर
(c) 30° उत्तरी अक्षांश, 30° पश्चिमी देशान्तर
(d) 30° दक्षिणी अक्षांश, 130° पश्चिमी देशान्तर

**54.** एक स्थान की जो सही अक्षांशीय स्थिति हो सकती है, वह है-

(a) 91° उत्तर (c) 45° दक्षिण
(b) 45° पूर्व (d) 91° पश्चिम

**55.** शून्य अंश अक्षांश तथा शून्य अंश देशान्तर अवस्थित है-

(a) अटलांटिक महासागर में (c) हिन्द महासागर में
(b) आर्कटिक महासागर में (d) प्रशान्त महासागर में

**56.** कौन-सा देशान्तर प्रधान याम्योत्तर के साथ मिलकर ग्लोब पर वृहत-वृत्त का निर्माण करता है?

(a) 0° (b) 90° पूर्व
(c) 90° पश्चिम (d) 180°

**57.** किसी स्थान का मानक समय (Standard Time) निर्धारित करने का आधार होता है-

(a) देशान्तर रेखा (Longitude)
(b) अक्षांश रेखा (Latitude)
(c) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (d) प्रधान मध्यान्ह रेखा

**58.** किसी जगह का स्थानीय समय 6.00 प्रातः है जबकि ग्रीनविच मीन टाइम (जे.एम.टी.) 3.00 प्रातः है। उस जगह की देशान्तर रेखा क्या होगी?
(a) 45° पश्चिम (b) 45° पूर्व
(c) 120° पूर्व (d) 120° पश्चिम

**59.** किसी एक क्षण, निम्नलिखित नगरों में से किस एक में घड़ी समय अन्य तीन नगरों के घड़ी के समयों के समान नहीं होता?
(a) लंदन (यू. के.) (b) लिस्बन (पुर्तगाल)
(c) अक्रा (घाना)
(d) आदिस अबाबा (इथिओपिया)

**60.** जब ग्रीनवीच में मध्यान्ह है, एक जगह का स्थानीय समय 5 बजे सांय है। निम्नांकित में वह कौन-सा याम्योत्तर है, जिस पर उपर्युक्त जगह अवस्थित है?
(a) 75° पू. (b) 75° प.
(c) 150° पू. (d) 150° प.

**61.** प्रधान याम्योत्तर नहीं गुजरती है-
(a) अल्जीरिया में (b) फ्रांस में
(c) नाइजर से (d) स्पेन से

**62.** काहिरा का समय ग्रीनविच से दो घंटा आगे है, अतः यह स्थित है-
(a) 30° पश्चिमी देशान्तर पर
(b) 30° पूर्व देशान्तर पर
(c) 28° पूर्व देशान्तर पर
(d) 28° पश्चिमी देशान्तर पर

**63.** प्रधान याम्योत्तर गुजरती है-
1. अल्जीरिया से 2. फ्रांस से
3. नाइजीरिया से 4. पुर्तगाल से
सही उत्तर के चयन हेतु नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कीजिए-
**कूटः**
(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

**64.** ग्रीनविच की देशान्तर रेखा से पूर्व या पश्चिम में स्थित होने के आधार पर निम्नलिखित देशों का मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से या तो आगे है या पीछे-
1. क्यूबा 2. ग्रीस (यूनान)
3. इराक 4. कोस्टारिका
5. जापान
ग्रीनविच माध्य समय से आगे से पीछे के क्रम की दृष्टि से देशों के मानक समय का निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है?
(a) 5,3, 2, 1, 4
(b) 2, 4, 1, 3, 5
(c) 4, 1, 3, 2, 5
(d) 3, 5, 4, 1, 2

**65.** यदि दो स्थानों की स्थिति में 90 डिग्री देशान्तर का अन्तर है, तब दोनों स्थानों के बीच समयान्तर होगा-
(a) 3 घंटे (b) 6 घंटे
(c) 9 घंटे (d) 12 घंटे

**66.** जब I.S.T याम्योत्तर (Meridian) पर दोपहर होती है तब धरती पर एक अन्य स्थान पर लोग अपनी सुबह 6.00 बजे की चाय ले रहे होते हैं उस स्थान का देशान्तर (Longitude) है-
(a) 170° 30'E (b) 70° 30'W
(c) 172° 30'E (d) 90° W

**67.** ग्रीनविच से दोपहर 12.00 बजे एक तार भेजा गया। तार संप्रेषित करने में 12 मिनट का समय लगा। वह एक नगर में 6.00 बजे सायं को पहुंचा। नगर का देशान्तर होगा-
(a) 97° पू. (b) 87° पू.
(c) 87° प. (d) 97° प.

**68.** अतर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा (Internationl Date Line) खींची जाती है-
(a) अफ्रीका से होकर (b) एशिया से होकर
(c) प्रशान्त महासागर से होकर
(d) अटलांटिक महासागर से होकर

**69.** **कथन (A):** तिथि निर्धारक रेखा पर ग्रीनविच से 12 घंटे का अन्तर है।
कारण (R) : तिथि निर्धारक रेखा 180 डिग्री देशान्तर पर स्थित है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-
**कूट :**
(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही हैं परंतु R गलत है।
(d) A गलत है परंतु R सही है।

**70.** यदि पृथ्वी के घूर्णन की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो जब अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पर दोपहर हो, तो भारतीय मानक समय क्या होगा?
(a) 06.30 घंटे (b) 05.30 घंटे
(c) 18.30 घंटे (d) 17.30 घंटे

**71.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के सर्वाधिक निकट है?
(a) मलक्का जलडमरूमध्य (b) बेरिंग जलडमरूमध्य
(c) फ्लोरिडा जलडमरूमध्य (d) जिब्राल्टर जलडमरूमध्य

**72.** पश्चिम की ओर यात्रा करने वाले एक जहाज के कैप्टन ने 90ण पश्चिम देशान्तर पर स्थानीय समय 10.00 बजे सोमवार लिखा है। यदि उसके जहाज की गति वही है जो पृथ्वी के घूर्णन की है, तो अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पर वह किस स्थानीय समय और दिन को प्राप्त करेगा-
(a) 04.00 सोमवार (b) 10.00 सोमवार
(c) 10.00 मंगलवार (d) 16.00 मंगलवार

**73.** किसी जहाज को सबसे कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए निम्न में से किसे मार्ग बनाना चाहिए-
(a) समुद्री धारा (b) समुद्री हवा
(c) देशान्तर (d) अक्षांश

**74.** ग्लोब पर दो स्थानों के बीच न्यूनतम दूरी नहीं होती है-
(a) 45° उ. अक्षांश पर (b) 45° द. अक्षांश पर
(c) प्रधान देशान्तर पर (d) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पर

**75.** निम्नलिखत समूहों में से किस एक के देशों में से भूमध्य रेखा गुजरती है? :
(a) ब्राजील, जाम्बिया और मलेशिया
(b) कोलम्बिया, केन्या और इंडोनेशिया
(c) ब्राजील, सूडान और मलेशिया
(d) वेनेजुएला, इथिओपिया और इंडोनेशिया

**76.** भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा तीनों निम्न में से किस एक महाद्वीप से गुजरती है?
(a) अफ्रीका (b) एशिया
(c) उत्तरी अमेरिका (d) दक्षिणी अमेरिका

**77.** निम्नलिखित देशों में से कौन भूमध्यरेखा पर अवस्थित है?
1. ब्रुनेइ 2. कोलम्बिया
3. केन्या 4. वेनेजुएला
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए-
**कूट :**
(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3

(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

**78.** जिस अक्षांश पर वार्षिक तापान्तर (Annual Range of Temperature) न्यूनतम होता है, वह है–
(a) भूमध्य रेखा (b) कर्क रेखा
(c) मकर रेखा (d) उत्तरी ध्रुव वृत्त

**79.** मकर संक्रांति के समय कर्क रेखा पर दोपहर के सूर्य का उन्नतांश होता है–
(a) 23.5° (b) 43.0°
(c) 47.0° (d) 66.5°

**80.** जब सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लंबवत् चमकती है तब भारत में निम्नांकित में से कौन-सी घटना घटित होती है?
(a) उत्तर-पश्चिम भारत में उच्च वायुदाब विकसित होता है।
(b) उत्तर-पश्चिम भारत में निम्न वायुदाब विकसित होता है।
(c) उत्तर-पश्चिम भारत में वायुदाब में परिवर्तन नहीं होता।
(d) उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान बढ़ जाता है।

**81.** मकर रेखा नहीं गुजरती है–
(a) बोलीविया से (b) पराग्वे से
(c) अर्जेंटीना से (d) ब्राजील से

**82.** निम्नलिखित तिथियों में से किस में दोपहर को आप की छाया सबसे छोटी होती है?
(a) दिसंबर 25 (b) मार्च 21
(c) जून 21 (d) फरवरी 14

**83.** जून की 21वीं तारीख को सूर्य –
(a) उत्तर ध्रुवीय वृत्त पर क्षितिज के नीचे नहीं डूबता है।
(b) दक्षिण ध्रुवीय वृत्त पर क्षितिज के नीचे नहीं डूबता है।
(c) माध्याह में भूमध्य रेखा पर ऊर्ध्वाधर रूप से व्योमस्थ चमकता है।
(d) मकर-रेखा पर ऊर्ध्वाकार रूप से व्योमस्थ चमकता है

**84.** उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे छोटा दिन होता है–
(a) 21 सितंबर (b) 22 दिसंबर
(c) 21 जून (d) 22 जून

**85.** विषुव या इक्विनाक्स (म्नपदव॰) वर्ष के दो काल, जब दिन और रात बराबर होते हैं, होता है–
(a) 21 मार्च और 23 सितंबर को
(b) 22 फरवरी और 23 अगस्त को
(c) 15 अक्टूबर और 23 अप्रैल को
(d) 22 जुलाई और 22 दिसंबर को

**86.** वर्ष भर रात और दिन कहां बराबर होते हैं?
(a) उत्तरी ध्रुव (b) दक्षिण ध्रुव
(c) भूमध्य रेखा (d) कहीं नहीं

**87.** उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क संक्रान्ति के समय 12 घंटे का दिन होगा–
(a) कर्क रेखा पर (b) मकर रेखा पर
(c) आर्कटिक वृत्त पर (d) विषुवत रेखा पर

**88.** दक्षिण गोलार्द्ध में सबसे बड़ा दिन है–
(a) 22 जून (b) 22 दिसंबर
(c) 21 मार्च (d) 22 सितंबर

**89.** पृथ्वी की आयु निर्धारित करने में निम्नलिखित में से कौन-सी विधि का प्रयोग करते हैं?
(a) कार्बन डेटिंग जीवाश्मों की आयु
(b) जर्मेनियम डेटिंग
(c) यूरेनियम डेटिंग (d) उपर्युक्त सभी

**90.** निम्न विद्वानों में से किसने सुझाव दिया है कि पृथ्वी की उत्पत्ति गैसों और धूलकणों से हुई है?
(a) जेम्स जीन्स (b) एच. आल्फावेन
(c) एफ. होयल (d) ओ. श्मिड

**91.** भारत प्राचीन सुपर महाद्वीप गोंडवाना लैंड का भाग था। इसमें वर्तमान समय का निम्न भू-भाग शामिल था–
(a) दक्षिण अमेरिका (b) अफ्रीका
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) ये सभी

**92.** आग्नेय चट्टानों के लिए निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) उनमें पुराजीवाश्म बहुत कम होते हैं।
(b) वे जल के लिए सरंध्र होती हैं।
(c) वे क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दोनों ही होती हैं।
(d) इन चट्टानों में सिलिका नहीं होता है।

**93.** निम्नलिखित में से कौन 'समूह' से सम्बन्धित नहीं है?
(a) नीस (b) बालुका पत्थर
(c) चूना पत्थर (d) शेल

**94.** परतदार चट्टानों के विषय में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. परतदार चट्टानें पृथ्वी की सतह पर जलीय तंत्र द्वारा निर्मित होती हैं।
2. परतदार चट्टानों के निर्माण में पूर्व विद्यमान चट्टानों का क्षरण सम्मिलित होता है।
3. परतदार चट्टानों में जीवाश्म होते हैं।
4. परतदार चट्टानें विशिष्ट रूप से परतों में पाई जाती हैं

इन कथनों में से कौन-कौन से सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**95.** अवसादी शैलों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) ये वे शैलें हैं जिनकी संरचना ताप तथा दाब पर निर्भर करती हैं।
(b) ये शैलों क्रिस्टलीय हैं।
(c) ये शैलें स्तरों में निक्षेपित हैं।
(d) ये शैलें जल में नहीं निर्मित हो सकती हैं।

**96.** रूपांतरित चट्टानों की उत्पत्ति चट्टानों से होती है–
(a) आग्नेय (b) तलछटी
(c) आग्नेय तथा तलछटी दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** निम्न में से कौन-सा रूपान्तरित चट्टानों का उदाहरण नहीं है?
(a) संगमरमर (b) क्वार्टजाइट
(c) स्लेट (d) ग्रेनाइट

**98.** बलुआ पत्थर एक परतदार चट्टान है, क्योंकि वह–
(a) मरुस्थल में बनती है (b) गरमी से बनती है
(c) पानी के नीचे बनती है (d) पहाड़ के ऊपर बनती है

**99.** पृथ्वी के अन्दर पिघले पदार्थ को कहते हैं–
(a) लावा (b) बेसाल्ट
(c) ऑब्सीडियन (d) मैग्मा

**100.** लावा के ठोस होने के फलस्वरूप पृथ्वी के अन्दर निर्मित चट्टानों को कहते हैं–
(a) प्लूटोनिक चट्टानें (c) रूपान्तरित चट्टानें
(b) वाल्केनिक चट्टानें (d) परतदार चट्टान